# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

पत्रांक—5403/ सि0वि0वि0 / प0सा0 / 2026 दिनांक 27 —01 —2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या
सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
जनपद—सिद्धार्थनगर, महराजगंज, सन्तकबीरनगर, बस्ती, श्रावस्ती व बलरामपुर।

महोदय,

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक / परास्नातक स्तर विषम सेमेस्टर (बी0ए0एल0एल0बी / एल0एल0बी0 को छोड़कर) की स्नातक स्तर के <u>तृतीय व पंचम सेमेस्टर</u> व परास्नातक स्तर के <u>तृतीय सेमेस्टर</u> की प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा 2025—26, मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार दिनांक—28—01—2026 से दिनांक—12—02—2026 तक निर्धारित की जाती है।

सम्बन्धित महाविद्यालय के कॉलेज लॉगिन आई0डी0 पर दिये गये **External Practical Examiner Selection for odd Semester Examination-2025-26** लिंक पर स्नातक / परास्नातक स्तर विषम सेमेस्टर की प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा—2025—26 हेतु बाह्य परीक्षकों की विषयवार सूची उपलब्ध है।

अतः आप से अनुरोध है कि बाह्य परीक्षकों की विषयवार सूची प्राप्त करते हुए पत्र सं0 4086 / प0सा0 / सि0वि0वि0 / 2023 दिनांक—15—05—2023 द्वारा निर्गत निर्देश के क्रम में विषम सेमेस्टर (बी0ए0एल0एल0बी / एल0एल0बी0 को छोड़कर) की स्नातक स्तर के तृतीय व पंचम सेमेस्टर व परास्नातक स्तर के तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा 2025—26, दिनांक—28—01—2026 से दिनांक—12—02—2026 के मध्य सम्पन्न कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट <u>www.suksn.edu.in</u> पर अपने कॉलेज लॉगिन आई0डी0 से अंक फीड कराते हुए उसकी हार्ड कॉपी तीन कार्यदिवस के अन्दर विश्वविद्यालय के परीक्षा(गोपनीय) अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें।

नोटः—1—प्रत्येक दशा में न्यूनतम 60 प्रतिशत बाह्य परीक्षक विश्वविद्यालय परिसर / अनुदानित महाविद्यालय / राजकीय महाविद्यालय या समीप के विश्वविद्यालय के शिक्षक होंगे। नामित परीक्षक / शिक्षकों के यथासंभव आधार लिंक मो0नं0 ही अंकित करें, जिससे अंको को फीड करने से पूर्व, सम्बन्धित परीक्षक को ओ0टी0पी0 भेजने में कोई कठिनाई ना हो।

2—एक शिक्षक एक शैक्षिणक सत्र में बाह्य परीक्षक के रूप में अधिकतम 15 बार परीक्षा करा सकते है।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— / प0सा0 / सि0वि0वि0 / 2026

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त सम्बन्धित।
2. कुलसचिव / वित्त अधिकारी सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त प्रभारी / विभागाध्यक्ष, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी / जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0,सि0
5. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक